# राजस्व अधिकारी बकाया राजस्व प्रकरणों का समय पर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें : कलक्टर

■ जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जिले में राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का विहित समय में निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। जिला कलक्टर बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में आगामी 2 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की फरवरी माह में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं को



अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

पारदर्शिता के साथ संपादित करने के लिए प्रतिबद्ध है, अधिकारीगण परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण सजगता एवं सतर्कता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्र संग्रहण और वितरण पर विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही उन्होंने कहा की जिला प्रशासन एवं पुलिस परस्पर समन्वय कर बेहतर पर्यवेक्षण और निगरानी के साथ परीक्षा संपादित करें। उन्होंने कहा कि प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता एवं सुरक्षा सर्वोच्च होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग ना हो इसके लिए प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।जिला कलक्टर ने राइजिंग राजस्थान के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले में एक उपज, एक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल एवं एक खेल पर आधारित पंच-गौरव कार्यक्रम के संबंध में गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन, नगरीय निकायों की सीमा वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुए अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की समीक्षा करे। उन्होंने राजकीय कार्यालयों के लंबित भूमि आवंटन तथा बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों से कहा की यह सुनिश्चित करे की आपके क्षेत्र में कोई खुले कुएं या बावड़ी न हो, उनकी बाउंड्री वॉल भी सुनिश्चित करे।

## सांभर जेल का निरीक्षण किया

**सांभरझील,** (निसं)। अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश पवन जिनवाल ने औचक निरीक्षण कर सांभर उप कारागृह में साफ सफाई, विधि व्यवस्था देखी, किसी भी बंदी को स्वास्थ्य से संबंधित समस्या नहीं पाई गयी। प्रभारी चांदमल ने बताया कि उप कारागृह में व्यवस्था ठीक पाई गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर जिला पवन जिनवाल द्वारा कारागृह में निरुद्ध बंदियों से बातचीत की गई। इस दौरान बंदियों से जाति, धर्म, सामाजिक स्तर से जुड़े भेदभाव के संबंध में बातचीत की गई साथ ही बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी ली गई । बंदियों ने इन सभी विषयों पर किसी भी प्रकार का विरोधाभास नहीं दिखाया जाना बताया। बंदियों ने कहा कि यहाँ किसी भी प्रकार का सामाजिक, जातिगत धर्म के स्तर पर भेदभाव नहीं किया जाता और ना ही इस मापदंड के अनुसार बैरक ही निर्धारित किये गये हैं। सभी के लिए समान सुविधाएं लागू हैं। इस दौरान बंदीयों को फ्री लीगल एड से संबंधित जानकारी दी गयी।


**DEPARTMENT OF PHYSICS**
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY, UDAIPUR-313001
Email: physics@mlsu.ac.in Website: www.mlsu.ac.in
No.-PHY/CS/FIST/E-Tender/2025/67 Date-22/01/2025
**NOTICE INVITING E-BID**
Two (2) Single stage online unconditional Bids under Two-Cover system are invited for procurement of **Accessories for UV-Vis- NIR & Fluorescence Spectrophotometer under project of RUSA 2.0.** For details visit the websites https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in and www.mlsu.ac.in
NIB CODE- SUU2425A0096 UBN No- SUU2425GLOB00137
Head, Department of Physics



**कार्यालय ग्राम पंचायत नुनहेरा, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )**
क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/88-94 दिनांक: 21.01.2025
**ई-निविदा सूचना 03/2024-2025**
ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 30.01.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00638 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
सरपंच ग्राम पंचायत नुनहेरा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नुनहेरा



**कार्यालय सेनानी द्वितीय वाहिनी**
**भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल**
गृह मंत्रालय/भारत सरकार
पो.आ.-बबेली, जिला-कुल्लू (हि.प्र.)-175138
कन्ट्रोल रूम / फैक्स नंबर-01902-230631
दिनांक-18/01/25
**कारण बताओ नोटिस**

क्योंकि, दल संख्या- 230020064 कांस्टेबल / जी.डी. भगत राम मीणा, पुत्र श्री धर्म सिंह मीणा, द्वितीय वाहिनी, भा0ति0सि0पुलिस बल अवकाश समाप्ति के उपरांत दिनांक 30.09.2024 (पूर्वा.) से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थित है। कांस्टेबल को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अधिनियम-1992 की धारा-74 (2) में निहित प्रावधान के अन्तर्गत संचालित जांच न्यायालय द्वारा दिनांक 30.09.2024 (पूर्वा.) से भगौडा घोषित किया गया है। कर्मी को द्वितीय वाहिनी भा0ति0सि0पुलिस बल के कार्यालय ज्ञापन संख्या-1723 दिनाक 17.10.24 एवं ज्ञापन संख्या 5278 दिनांक 21.10.24 के तहत वाहिनी मुख्यालय में आमद देने हेतु सूचित किया गया एवं तत्पश्चात् द्वितीय वाहिनी भा0ति0सि0पुलिस बल के पत्र संख्या 430 दिनांक 28.10.2024 के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला- दौसा (राजस्थान) से भी कर्मी की गिरफ्तारी हेतु अनुरोध किया गया था।
2 अब इस नोटिस के माध्यम से उक्त मामले में अंतिम निर्णय लेने से पूर्व कांस्टेबल / जी.डी. भगत राम मीणा पुत्र श्री धर्म सिंह मीणा, द्वितीय वाहिनी अपनी ओर से कोई प्रतिवेदन करना चाहता है अथवा आत्मसमर्पण करना चाहता है तो वह सेनानी, द्वितीय वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को लिखित रूप से इस नोटिस के जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि के भीतर ऐसा कर सकता है।
(देवेन्द्र सिंह परमार)
सेनानी
द्वितीय वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल
CBC 19112/11/0194/2425


# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वर्षगांठ पर बच्चों ने दिया रामनाम का संदेश

**मालपुरा ।** मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या मे पांच सो वर्ष बाद 22 जनवरी 2०24 को रामलला मे विराजे पभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को मालपुरा मे प्रथम वर्षगांठ उत्साह पूर्वक मनाया गया। सदरपुरा रोड स्थित हॉलिस्टिक पब्लिक स्कुल मे श्रीराम स्तुति, रामभजन सहित अनेक प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से प्रथम वर्षगांठ मनाई गई।

विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. विवेक पारीक ने बताया कि विद्यालय मे मंगलवार व शनिवार को हनुमान चालीसा व प्रतिदिन प्रार्थनासभा श्रीराम स्तुति गान के माध्यम से अबोध बालको मे सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति का ज्ञान विद्यालय मे शुरू किया जो अनवृत जारी है। भगवान श्रीराम ने बाल्यकाल मे गुरूकुल मे रहते हुये जिस प्रकार अस्त्र-शस्त्र व शास्त्र का ज्ञान गुरू से सीखा उसी प्रकार वर्तमान मे हॉलिस्टिक स्कुल मे भी



राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर मालपुरा मे विधार्थियो ने मानव श्रंखला के माध्यम से बनाई राम की आकृति।

विधार्थियो को पाश्चात्य संस्कृति के बजाय भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म का ज्ञान दे बच्चो मे संस्कार दिये जा रहै है। विद्यालय डायरेक्टर प्रियंका पारीक,मधुसुदन पारीक ने राममंदिर प्रथम वर्षगांठ पर बच्चो व स्टाफकर्मियो को बधाई देते हुये इस दिन को गौरव का दिन बताया।

# विराटनगर विधानसभा के विकास और उत्थान में मेरा योगदान रहेगा : कुलदीप

■ विधायक ने आपका विधायक आपके द्वार में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**विराटनगर ।** विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ की ओर से पावटा प्रागपुरा नगर पालिका क्षेत्र में चलाए जा रहे आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पावटा कस्बे के शिव कॉलोनी शिव मंदिर, बिणजारी कुई शिव मंदिर, नाथ जी की बगीची शिव मंदिर, जाजोरिया कॉलोनी सामुदायिक भवन, नरेश सैनी चौक, भरतदास कॉलोनी स्कूल के सामने, श्याम कॉलोनी श्याम मंदिर, आडा गैला हनुमान मंदिर, हंस कॉलोनी कॉलेज सामुदायिक चौक,प्रभात कॉलोनी सार्वजनिक चौक, किला ऊपर हनुमान जी मंदिर, पटेलो का मोहल्ला, हीरामल मोहल्ला हीरामल जी की बगीची, मीणा का मोहल्ला शिव मंदिर, बोहरों का मोहल्ला सार्वजनिक चौक में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं को सुना। विधायक ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्या गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के विकास के बारे में सोंचती है। इसी के चलते पीएम मोदी अपनी हर योजनाओं में गांव के विकास की चर्चा करते हैं। उनकी इसी सोंच की देन है कि गांव में एक दर्जन से अधिक योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव के विकास से जुड़ी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सौंपी है। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव भ्रमण कर लोगों से मिलकर सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले एक एक व्यक्ति से परिचित हूं। जनता का परखा हुआ विधायक हूं। बीते कुछ वर्षों से जो लोगों की मुख्य समस्याएं हैं उन्हें शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। अब क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर अपने जीवन को लोकहित के कार्यों में लगाऊंगा। सबका साथ और सबका विकास के एजेंडे पर काम करूंगा। विराटनगर विधानसभा के विकास और उत्थान में मेरा योगदान रहेगा। जो लोग सरकार की योजनाओं से बंचित है उनको योजनाओं का लाभ दिलवाऊंगा।

## लाड़ेसर पोषण किट पाकर खिले चेहरे

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत सुरसिंहपुरा के आंगनबाड़ी केन्द्र पर बुधवार को लाडेसर अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को लाडेसर पोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला पर्यवेक्षक पूजा तिवाड़ी ने कहा कि कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाला लाडेसर किट कई मायनों में खास है। इस किट में वसा, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन्स से भरपूर कई पौषक तत्व शामिल है। गौरतलब है कि उक्त किट में विशेष तौर पर बच्चों को लाडेसर खिचड़ी के लिए 250 ग्राम चना दाल, 250 ग्राम मोठ दाल, 250 ग्राम चना दाल, 250 ग्राम अरहर दाल, 250 ग्राम सोयाबीन तेल और 1 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराया गया। वहीं लाडेसर नाश्ते के लिए चिन्हित बच्चों को 250 ग्राम गुड़, 250 ग्राम मूंगफली और 500 ग्राम भूना चना दिया गया।

# वर्षगांठ पर निकली राजगढ़ में भव्य शोभायात्रा

**राजगढ़ ।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिक महोत्सव कस्बे में श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण माहौल में राम शोभा बुधवार को निकाली गई । शोभा यात्रा के दौरान समूचा कस्बा श्री राम के भक्ति रंग में रंग गया।बेंड बाजे व डीजे के साथ गणेश पोल रिद्धि सिद्धि मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई से निकाली गई।

ठिकाना गंगा बाग के महंत प्रकाश दास महाराज के नेतृत्व में शोभा यात्रा में अयोध्या भेजे जाने वाला चांदी का मुकुट प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा के दौरान प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना एवं आरती उतारी गई। भगवान की जगदीश मंदिर, सीताराम मंदिर काकवाडी बाजार ,हनुमान मंदिर गोल मार्केट , अवधूत आश्रम , पूजा अर्चना की गई ।शोभायात्रा में भगवान श्री राम दरबार एवं अन्य प्रमुख झांकियां आमजन के आकर्षण का केंद्र रही। मे प्रमुख मंदिरों के सामने भगवान की आरती की गई। कस्बे में जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा प्रमुख मार्ग से होती हुई ठिकाना गंगा बाग पहुंची।

श्रीराम की महाआरती के उपरांत राम रसोई का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो भक्तो ने पंगत में बैठ कर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान महंत प्रकाश दास महाराज, मोहन बोहरा, प्रीति विजय, मीना, खंडेलवाल, भगवान सहाय टीआर ए, प्रमिला वशिष्ठ, डॉक्टर के एम गुप्ता, राजेश्वरी देवी, सीता जोशी, वीरेंद्र दाधीच, मदन शर्मा, संजय राजस्थानी, प्रदीप महावर, प्रेम नाथ धामाणी, राहुल दीक्षित, सीताराम वशिष्ठ, रमाकांत शर्मा, मनीष यादव, पवन सिंह नरूका ,राम रतन तांबी, राजेश हिग वाला, एन एल वर्मा, पार्षद रूपनारायण मीणा, वंदना शर्मा, एवं अन्य महिला पुरुष मौजूद रहे।

# कचरे का होगा निस्तारण, केंद्रीय अधिकारी ने ली अधिकारियों की बैठक

**भिवाड़ी।** केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भिवाड़ी कि वायु गुणवत्ता और कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए डॉ. प्रशांत गर्गव, निदेशक (एनसीएपी), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भिवाड़ी भेजा। बीड़ा सभागार मे डॉ. प्रशांत गर्गव की अध्यक्षता



अधिकारियों की बैठक लेते केंद्रीय अधिकारी डॉ. प्रशांत गर्गव , जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

में वायु गुणवत्ता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक में भिवाड़ी में वेस्ट टू एनर्जी मॉडल पर जोर देते हुए इस दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया गया । जिससे कचरे से बिजली और कंपोस्ट उत्पादन जैसी परियोजनाएं न केवल कचरा प्रबंधन का स्थायी समाधान बनेंगी, बल्कि इससे क्षेत्र को स्वच्छ और हरित बनाने में मदद मिलेगी।

बैठक से पूर्व में निदेशक (एनसीएपी), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय डॉ. प्रशांत गर्गव के साथ विभिन्न क्षेत्र के एक्सपर्ट्स ने भिवाड़ी क्षेत्र में स्थित डंपिंग यार्ड, रिको क्षेत्र तथा भिवाड़ी सिटी में ठोस कचरा प्रबंधन, कचरे के माध्यम से विद्युत ऊर्जा का उत्पादन सहित विभिन्न संभावनाओं को देखा गया है।बैठक के दौरान निदेशक पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन तथा ठोस कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने हेतु भिवाड़ी क्षेत्र में स्पेशल ड्राइव चलाकर भिवाड़ी की गली मोहल्ले में पड़े वेस्ट को हटाने के लिए कहा जिस पर जिला कलेक्टर ने नगर परिषद भिवाड़ी को आगामी 15 दिवस में एक विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र में साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीको के अधिकारियों को उनके क्षेत्र में स्थित सड़कों की साफ सफाई, टाइल वर्क एवं पेड़ लगाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को सभी इकाइयों के पॉल्यूशन पैरामीटर की जांच करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान उपस्थित कंसलटेंट एवं एक्सपर्ट्स ने भिवाड़ी क्षेत्र से जनरेट हो रहे कचरे का आंकलन कर इसके निस्तारण हेतु विभिन्न उपाय सुझाए। उन्होंने कचरे के सेग्रीगेशन सहित कचरे के कलेक्शन हेतु आवश्यक ऑटो टिपर की संख्या का आंकलन कर अतिरिक्त ऑटो टिपर लगाकर कचरा इकट्ठा करना, भिवाड़ी क्षेत्र को विभिन्न क्लस्टरों में विभाजित कर खसरा प्रबंध करना तथा ऑटो टिपर के ट्रिप की संख्या बढ़कर एवं रात के समय बाजार की सफाई, बाजार की छुट्टी के दिन सफाई का विशेष अभियान सहित विभिन्न बिंदुओं पर अपना सुझाव दिया।


**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
साधारण प्रारूप
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम 10, जयपुर महानगर प्रथम, सांगानेर संजय जांगीड पुत्र बृज मोहन जांगिड विरूद्ध शीतल जांगिड पुत्री श्री गोपाल जांगिड
वाद/प्रार्थना पत्र धारा 13 A HMA
**प्रार्थना पत्र संख्या 329/2024 सन्**
नाम शीतल जांगिड पुत्र श्री गोपाल जांगिड जाति जांगिड पता निवासी तेजाजी का चौक मांग्यावास मानसरोवर, जयपुर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ........................................
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 26.03.2025 माह मार्च सन् 2025 को 10:30 पूर्वान्ह में स्वयं या प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक अनुदेश किया गया हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज तारिख 22 माह 1 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
आज्ञा से
शरिस्तेदार, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-10, जयपुर महानगर प्रथम, न्यायालय, सांगानेर



**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर- 302004

परिशिष्ट ख
आदेशिका
संख्यांक 1
वाद के निपटारे के लिए समन (आदेश 5 के नियम 1 और 5)
(शीर्षक)

प्रेषिति ____________________
(नाम, वर्णन और निवास स्थान)

__________ ने अपने विरूद्ध ________ के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 16.01.2025 को दिन में _____ बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या उसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दें सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है, इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताये गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख ________ को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया। न्यायाधीश

कृपया ध्यान दे- 1. यदि आपको यह आशंका है कि आपके साक्षी अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होंगे तो आप किसी साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए ऐसी कोई दस्तावेज पेश करने के लिए, जिसे पेश करने के लिए साक्षी से अपेक्षा करने का आपको अधिकार है, समन इस न्यायालय से आवेदन करके और आवश्यक व्ययों की रकम जमा करके ले सकते हैं।

2. यदि आप दावे को स्वीकार करते है तो आपको चाहिए कि वाद के खर्चे के साथ उस दावे का धन न्यायालय में कर दें जिससे कि डिक्री का निष्पादन स्वयं आपके या आपकी सम्पत्ति या दोनों के विरूद्ध न करना पड़े।

| क्र. सं. | उनवान | मुकदमा सं. | सीआईएस | खसरा नं० | योजना का नाम | पक्षकार का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उमेश चन्द चतुर्वेदी बनाम जेडीए | 57/21 | 27/21 | 53/114 | पृथ्वीराज नगर योजना | उमेश चन्द चतुर्वेदी पुत्र राधाकृष्ण चतुर्वेदी निवासी जी-18 कृष्णा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। |
| 2. | लाला गुल्ला बनाम भारतीय विमान पत्तन वगै० | 388/20 | 235/20 | 1129-1132 | सार्वजनिक प्रयोजनार्थ हवाई अड्डा, जयपुर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का ऐयरपोर्ट बनाने हेतु | लाला, गुल्ला, रामेश्वर, नन्दा पुत्र गोपाल, धापू बेवा गोपाल निवासी ग्राम सवाई गैटोर, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर। |
| 3. | प्रेम कुमारी बनाम भारतीय विमान पत्तन वगै० | 187/20 | 128/20 | 11 | सार्वजनिक प्रयोजनार्थ हवाई अड्डा जयपुर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का ऐयरपोर्ट बनाने हेतु | गोपी पुत्र परताब, हीरालाल, दिनेश कुमार पुत्र घासी निवासी मनोहरपुरा तह० सांगानेर, जि० जयपुर, निदेशक एयरपोर्ट ऑथोरिटी, भारत सरकार, सांगानेर, जयपुर। |
| 4. | जेडीए बनाम बाबूलाल | 202/21 | 155/21 | 761 | लोहा मण्डी से सितायली रेल्वे फाटक तक 80 फीट सेक्टर रोड़ हेतु। | बाबू लाल पुत्र अम्बालाल, भंवरी देवी पत्नी बजरंगलाल, भौरी देवी पत्नी बजरंगलाल निवासी बिसनगढ खातेदार का रेफरेन्स ग्राम माचेडा तह० आमेर। गणपति गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर। |
| 5. | एलएओ बनाम शंकर वगै० | 135/20 | 81/20 | 750 | अजमेर रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर योजना विस्तार हेतु। | धापू देवी पत्नी घासी निवासी ग्राम केशापुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर। |
| 6. | एलएओ बनाम मीठालाल | 137/20 | 82/20 | 750 | अजमेर रोड़ पर ट्रांसपोर्ट नगर योजना विस्तार हेतु। | सूरज, महेश कुमार पुत्र घासी, धापू देवी बेवा घासी, निवासी, ग्राम केशापुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर। |
| 7. | एलएओ बनाम कजोड शर्मा | 132/20 | 78/20 | 750 | अजमेर रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर योजना विस्तार हेतु। | महेश कुमार पुत्र घासी, धापू देवी बेवा घासी निवासी ग्राम केशापुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर। |
| 8. | एलएओ बनाम प्रभु बागडा | 134/20 | 80/20 | 750 | अजमेर रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर योजना विस्तार हेतु। | प्रभु बागडा, महेश कुमार पुत्र घासी, धापू देवी बेवा घासी निवासी ग्राम केशापुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर। |
| 9. | एस.एन. सिन्हा बनाम भारतीय विमान पत्तन वगै० | 26/20 | 91/20 | 294, 305, 306, 310, 311, 314 to 324, 334 (Old 172) | सार्वजनिक प्रयोजनार्थ हवाई अड्डा, जयपुर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का ऐयरपोर्ट बनाने हेतु | अस.एन. सिन्हा उर्फ एस.एन. सिन्हा पुत्र जी.एन. सिन्हा निवासी 921, शांति नगर, रोड नम्बर 03. दुर्गापुरा रेल्वे स्टेशन के पास, दुर्गापुरा, जयपुर। |
| 10. | जेडीए बनाम राजकुमार व अन्य | 239/20 | 174/20 | 330 | सिविल लाईन रेल्वे क्रॉसिंग से स्टेशन तक सड़क को चौडा करने हेतु। | राजकुमार, जयकुमार, नरेन्द्रनाथ पिता अमरनाथ निवासी जयपुर। |
| 11. | जेडीए बनाम अनीता | 87/21 | 57/21 | 53 | सीकर रोड ट्रांसपोर्ट नगर विस्तार हेतु । | अनीता पत्नी रघुवीर सिंह निवासी शिवनगर, मुरलीपुरा, जयपुर। |
| 12. | सुल्ताना बेगम बनाम जेडीए | 250/20 | 150/20 | 356 | ग्राम हथरोई एम.आई. रोड़ की भूमि अवाप्ति | श्रीमती सुल्ताना बेगम बेवा हाजी हैदरबक्स निवासी 3 ड 6, जवाहर नगर, जयपुर। |
| 13. | जनता गृह निर्माण सहकारी समिति बनान सरकार | 161/20 | 102/20 | 349/420 | पृथ्वीराज नगर योजना | जनता गृह निर्माण सहकारी समिति लि जयपुर जरिये व्यवस्थापक श्री मनोहर लाल अग्रवाल पुत्र स्व. कन्हैयालाल निवासी 298 हथरोई, जयपुर |

राज.संवाद/सी/24/10645
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय